# परिवार विवाद समाधान (मध्यस्थता)

## Contents


बड़ों के लिए मध्यस्थता ....................................................................................................2

पालन-पोषण मुद्दों के लिए परिवार विवाद समाधान..............................................................3

परिवार विवाद समाधान प्रक्रिया.........................................................................................4

संपत्ति और वित्तीय मामलों के लिए परिवार विवाद समाधान...................................................6

## परिवार विवाद समाधान (FDR), जिसे मध्यस्थता भी कहा जाता है, उन दम्पतियों की सहायता कर सकता है जो उनके परिवार के कानूनी विवादों का समाधान करने के लिए अलग हो रहे हैं।

विवादों में पालन-पोषण और बच्चों की देखभाल, बाल सहायता, वित्तीय व्यवस्थाओं और उनकी संपत्ति को विभाजित करने के तरीके पर विवाद शामिल हो सकते हैं। हमारी सेवा सुरक्षा, बच्चों के सर्वोत्तम हितों और उस बात को सुनिश्चित करने के केंद्र पर प्रदान की जाती है कि दोनों लोग भागीदारी कर सकें।

अलग हो रहे दम्पतियों के लिए यह असामान्य बात नहीं है कि उन्हें दोनों पालन-पोषण और संपत्ति मामलों के संबंध में समस्याओं का हल करने की आवश्यकता हो। ऐसा एक ही FDR प्रक्रिया के भाग में, या अलग-अलग समयों पर किया जा सकता है।

**हम बड़े ऑस्ट्रेलियाई लोगों और उनके परिवारों का मुश्किल वार्तालाप करने, अंतरों का समाधान करने और भविष्य के लिए नियोजन करने में सहायता करने के लिए बड़ों के लिए मध्यस्थता सेवाएँ भी प्रदान करते हैं।**

हमारी जानकारी शीट को पढ़ें [PDF, 574KB]

# बड़ों के लिए मध्यस्थता

### बड़ों के लिए मध्यस्थता क्या होती है?

बड़ों के लिए मध्यस्थता बड़े लोगों और उनके परिवारों का मुश्किल वार्तालाप करने, भविष्य के लिए नियोजन करने, ऐसे तरीकों से अंतरों का समाधान करने में सहायता कर सकती है जो संबंधों को सुरक्षित करते हों एवं सुधारते हों और ऐसे निर्णय लेने में सहायता कर सकती है जो परिवारों के हितों, अधिकारों और सुरक्षा पर विचार करते हों।

यह सेवा कई प्रकार की समस्याओं के लिए सुविधाजनक निर्णय लेने एवं विवाद समाधान प्रक्रियाओं की पेशकश करती है, जिनमें शामिल हैं:

- प्रतिनिधी निर्णय लेना
- वसीयतनामा और संपत्ति
- रहने के लिए व्यवस्थाएँ, सहित समर्थित देखभाल में अवस्थांतर
- वित्तीय प्रबंधन
- पारिवारिक विवाद
- अंतर-पीढ़ी सह-निवास के कारण होने वाली चिंताएँ और विवाद
- आयुर्वृद्धि, सहित पागलपन के साथ संबंधित बढ़ने वाली विकलांगता का प्रबंधन करना
- दादा-दादी बनने से संबंधित समस्याएँ।

मैं कैसे शुरुआत करूँ?

एक FDR अपोइंटमेंट नियोजित करने के लिए अपने सबसे करीबी केंद्र के साथ संपर्क करें।

https://www.relationshipsvictoria.org.au/contact-us/

# पालन-पोषण मुद्दों के लिए परिवार विवाद समाधान

**परिवार विवाद समाधान (FDR) अलग हुए या तलाकशुदा माता-पिता को उनके बच्चों के लिए रहने वाली व्यवस्थाओं के लिए सहमत होने और अलग होने के बाद देखभाल को सांझा करने, और साथ ही साथ बाल समर्थन और अन्य लागतों के संबंध में विवादों का समाधान करने में सहायता कर सकता है।**

आम तौर पर परिवार कानूनी प्रणाली में इस प्रकार के विवादों को पालन-पोषण मामले कहा जाता है। हम हमारी FDR प्रदान करते हैं, जिसे मध्यस्था भी कहा जाता है, और यह सुरक्षा और बच्चों के सर्वोत्तम हितों और उस बात को सुनिश्चित करने के केंद्र पर प्रदान की जाती है कि दोनों लोग भागीदारी कर सकें।

अलग हो रहे दम्पतियों के लिए यह असामान्य बात नहीं है कि उन्हें दोनों पालन-पोषण और संपत्ति मामलों के संबंध में समस्याओं का हल करने की आवश्यकता हो। ऐसा एक ही FDR प्रक्रिया के भाग में, या अलग-अलग समयों पर किया जा सकता है।

### एक प्रमाणपत्र कब जारी किया जाता है?

ऑस्ट्रेलियाई पारिवारिक कानून के अधीन, पालन-पोषण के आदेशों के लिए अदालत में दर्ज करने से पहले, FDR के लिए प्रयास करना और अपने FDR प्रेक्टिशनर से प्रमाणपत्र प्राप्त करना आवश्यक है।

कुछ छूट है, जैसे कि पारिवारिक हिंसा या बाल शोषण को शामिल करते हुए मामले, या यदि मामला तत्कालीन है। अधिक जानकारी के लिए, ऑस्ट्रेलियाई सरकार की परिवार संबंध ऑनलाइन वेबसाइटको देखें।

### मैं एक पालन-पोषण योजना कैसे सेट अप करूँ?

FDR के भाग के रूप में, हम आपको एक पालन-पोषण योजना को विकस्त करने में भी सहायता कर सकते हैं - एक लिखित समझौता जो अलग होने के बाद आपके बच्चों का पालन-पोषण करने की व्यवहारिक समस्याओं को तय करता है।

एक पालन-पोषण योजना, पालन-पोषण व्यवस्थाओं में अधिक स्पष्टता और निश्चितता ला सकता है, दोनों माता-पिता की यह जानने में सहायता कर सकता है कि उनसे क्या उम्मीद की जाती है और समय बीतने और परिस्थितियों के बदलने के साथ समझौते

इसमें ऐसे विवरण शामिल हो सकते हैं जैसे कि आपके बच्चे प्रत्येक माता-पिता के साथ कितना समय बिताएँगे, और माता-पिता कैसे संचार करेंगे और आपके बच्चे की देखभाल और तंदरुस्ती के बारे में कैसे निर्णय लेंगे। एक बार विकसित होने के बाद, इस पर दोनों माता-द्वारा द्वारा हस्ताक्षर किए जाने हैं और तिथि डाली जानी है।

हम अलग होने के कारण उत्पन्न होने वाले किसी भी भावनात्मक विवाद से निपटने के लिए आपका समर्थन करने हेतु अलगाव के बाद का पालन-पोषण सेमिनार कार्यक्रम (अदालत द्वारा स्वीकृत ग्राहकों के सहित), और साथ ही व्यक्तिगत परामर्श भी प्रदान करते हैं।

### क्या बच्चे FDR में शामिल हैं?

हमारा मानना है कि बच्चों के नज़रिओं, विचारों और अनुभवों को FDR प्रक्रिया में शामिल करना महत्वपूर्ण है, जहाँ ऐसा करना सुरक्षित और व्यावहारिक हो।

हम बाल-समावेशी FDR प्रदान करते हैं, जो स्कूल जाने वाले बच्चों को एक प्रशिक्षित बाल परामर्शदाता के साथ परिवर्तन और अनुकूलन की महत्वपूर्ण अवधि के दौरान अपनी परिस्थिति और अनुभवों के बारे में बात करने के सक्षम बनाती है।

**हम बाल-परिष्कृत FDR की भी पेशकश करते हैं, जहाँ चार वर्ष की आयु से कम के बच्चों के लिए निर्णय लिए जा रहे हैं, या जब बाल-समावेशी अभ्यास उचित नहीं है।**

मैं कैसे शुरुआत करूँ?

एक FDR अपोइंटमेंट नियोजित करने के लिए अपने सबसे करीबी केंद्र के साथ संपर्क करें।

https://www.relationshipsvictoria.org.au/contact-us/

# परिवार विवाद समाधान प्रक्रिया

### परिवार विवाद समाधान में क्या होता है?

परिवार विवाद समाधान (FDR), जिसे मध्यस्था भी कहा जाता है, शामिल लोगों की बात-चीत करने और एक समझौता करने में सहायता करने के लिए एक चरण-दर-चरण प्रक्रिया का उपयोग करता है। एक प्रेक्टिशनर (मध्यस्थ) की सहायता से, शामिल लोग:

- समाधान की जाने वाली समस्याओं की पहचान करते हैं
- एक-दूसरे से स्पष्ट ढंग से और आदर सहित बात करने के लिए समर्थित किए जाते हैं
- अलग-अलग विचारों और विकल्पों को ढूँढ़ते हैं और उन पर चर्चा करते हैं
- इन विकल्पों के बारे में बात-चीत करते हैं
- इन में से कुछ या सभी समस्याओं के बारे में समझौते करने की कोशिश करते हैं
- जब कोई बच्चा शामिल होता है, तो बच्चे के सर्वोत्तम हितों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

**परिवार विवाद समाधान कई ढंगों में हो सकता है, जैसे कि:**

- संयुक्त रूप से, एक ही कमरे में विवाद में शामिल दोनों लोगों के साथ
- शटल, अलग-अलग कमरों में विवाद में शामिल दो लोगों के साथ
- पारिवारिक वकीलों (कनून द्वारा सहायता प्राप्त FDR) की सहायता के साथ

आपका प्रेक्टिशनर (मध्यस्थ) निर्धारित करेगा कि आपके और आपकी परिस्थितियों के लिए सबसे अनुकूल क्या है।

## FDR प्रेक्टिशनर की क्या भूमिका है?

FDR प्रेक्टिशनर (मध्यस्थ) FDR प्रक्रिया का प्रबंधन करता है एवं उसे सुविधाजनक बनाता है। प्रेक्टिशनर इस चीज़ को नियंत्रित नहीं करता कि किस बारे में चर्चा की जा रही है - भागीदारी निर्णय करते हैं कि किस बारे में बात करनी है और निर्धारित करते हैं कि क्या निर्णय लिए जाते हैं।

प्रेक्टिशनर निम्न **काम करते हैं**:

- निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से काम करते हैं
- चर्चा को सुविधाजनक बनाते हैं और FDR प्रक्रिया को प्रबंधित करते हैं
- शामिल लोगों की संचार करने और प्रक्रिया में बात-चीत करने की क्षमता को ध्यान में रखते हैं
- गोपनीयता को बरकरार रखते हैं (कानूनी सीमाओं के अंतर्गत)
- उचित जानकारी और संदर्भ प्रदान करते हैं

प्रेक्टिशनर निम्न **काम नहीं करते हैं**:

- कानूनी सलाह प्रदान करते हैं
- भागीदारियों के लिए निर्णय लेते हैं
- किसी भागीदारी की तरफ से वकालत करते हैं।

## FDR कितने समय तक रहती है?

FDR प्रक्रिया की लंबाई अलग-अलग होती है। पूर्ण की जाने वाली FDR प्रक्रिया के लिए अपोइंटमेंटों की संख्या और समय की लंबाई चर्चा किए जाने वाले मुद्दों की संख्या और जटिलता, पक्षों के बीच सहयोग या विवाद के स्तर, और पक्षों से मिलने के लिए FDR सेवा की उपलब्धता, और साथ ही साथ पक्षों की स्वयं की उपलब्धता पर निर्भर करेगी।

मूल्यांकन के सेशन आम तौर पर डेढ़ घंटें (1-1.5) तक रहते हैं।

FDR सेशन आम तौर पर दो (2) घंटों तक रहते हैं, हालांकि अधिक लंबे सेशनों की समय-सूची बनाई जाती है यदि किसी 'शटल' FDR प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है, या यदि किसी दुभाषिए की आवश्यकता हो तो। पालन-पोषण मुद्दों के लिए FDR में आम तौर पर 1 से लेकर 2 सेशन लगते हैं, लेकिन यदि संपत्ति और वित्तीय मुद्दे भी शामिल होते हैं, तो आम तौर पर 4 से लेकर 5 सेशन आवश्यक होते हैं।

स्टाफ का कोई सदस्य आपके द्वारा अपोइंटमेंट करते समय आपके सेशनों की लंबाई की पुष्टि करेगा।

### FDR का खर्च कितना होता है?

हम एक समुदाय-आधारित, ग़ैर-लाभकारी संस्था हैं और हमारी FDR सेवाएँ केवल अंशिक रूप से सरकार द्वारा वित्तपोषित हैं, इसलिए शुल्क सामान्य रूप से लगाया जाता है।

हालांकि, हम हमारी सेवाओं के यथासंभव वहनीय बनाने का प्रयास करते हैं। कृपया अधिक जानकारी के लिए अपने सबसे करीबी केंद्र के साथ संपर्क करें।

मैं कैसे शुरुआत करूँ?

एक FDR अपोइंटमेंट नियोजित करने के लिए अपने सबसे करीबी केंद्र के साथ संपर्क करें।

https://www.relationshipsvictoria.org.au/contact-us/

---

# संपत्ति और वित्तीय मामलों के लिए परिवार विवाद समाधान

**यदि आपके बच्चे हैं, और आप अलग होते हैं, और साथ ही साथ पालन-पोषण संबंधी निर्णय लेते हैं, तो आपको वित्तीय और संपत्ति संबंधी मुद्दों के बारे में निर्णय लेने होंगे।**

यह काफी सोच का काम है और अलग होने के बाद संपत्ति और धन को विभाजित करने के कई ढंग हैं। परिवार विवाद समाधान (FDR), मध्यस्था और मिलाप सेवाएँ आपको संपत्ति से संबंधित मुद्दों का समाधान करने में सहायता कर सकती हैं।

हम आपकी बाल और पालन-पोषण संबंधी मुद्दों, या संपत्ति और वित्तीय मुद्दों के बारे में विवादों का समाधान करने में सहायता कर सकते हैं, - या तो अलग से या एक साथ।

### हमें अलग होने के बाद किन वित्तीय और संपत्ति संबंधी मुद्दों के बारे में सोचने की आवश्यकता है?

जब आप अलग होते हैं तो आपकी वर्तमान स्थिति और भविष्य के बारे में बहुत सारे सवाल होना काफी सामान्य बात है। आप पूछ सकते हैं:

- क्या मेरे पास जीवन व्यतीत करने के लिए पर्याप्त पैसे होंगे? मुझे भविष्य में किस चीज़ की आवश्यकता होगी और इसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है?
- पारिवारिक संपत्ति को विभाजित करने का निर्णय लेते समय किन चीज़ों पर विचार करना है और इसे बाँटने का सबसे सर्वोत्तम तरीका क्या है?
- मैं इस बात को कैसे सुनिश्चित कर सकता/सकती हूँ कि मेरे बच्चों की आवश्यकताओं के लिए सब कुछ पर्याप्त है?
- अच्छे निर्णय लेने के लिए कौन सी सलाह महत्वपूर्ण है?

उन दम्पतियों के लिए जो संपत्ति मुद्दों का समाधान करने के लिए अदालत में कार्यवाहियाँ जारी करते हैं, ज़्यादातर समय, जज या मजिस्ट्रेट द्वारा मामले का निर्णय लेने से पहले समझौते का निपटारा कर दिया जाता है।

## मुझे संपत्ति FDR का उपयोग क्यों करना चाहिए?

संपत्ति FDR मुकदमेबाजी के लिए अक्सर एक अधिक तेज़, अधिक वहनीय ढंग है। यह है:

- किफायती: शुल्य नियत है ताकि आपको पता हो कि इसका खर्च कितना होगा
- तेज़: अधिकांश ग्राहकों के लिए, संपत्ति मध्यस्था जल्दी ही पूर्ण हो सकती है
- पेशेवर: हमारे मध्यस्थ योग्य, अनुभवी और निष्पक्ष हैं।